| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|
| 6. बसूली | 5×0.956 =4.780 | 16.58 | 10/90] | केंद्रीय जल आयोग तथा पर्यावरण एवं वन मंत्रालय की टिप्पणियों के संबंध में परियोजना प्राधिकारियों के उत्तर प्रतीक्षित हैं । विद्युत (प्रदाय) अधिनियम, 1948 की धारा 29 के प्रावधानों का अनुपालन भी सुनिश्चित किया जाना है । |

**पेट्रोल पम्प की डीलरशिप का आवंटन**

1010. **श्रीमती सुष्मा स्वराज** : क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक** गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने पेट्रोल पम्प और रसोई गैस की एजेंसियां वितरित करने के लिए कोई मानदंड निर्धारित किया है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और क्या इस मानदण्ड का सख्ती से पालन किया जा रहा है ;

(ग) क्या इस संबंध में मंत्री का कोई विवेकाधिकार कोटा भी निर्धारित है ; और

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री बो. शंकरानन्द)** : (क) से (घ) पेट्रोल/डीजल डीलरों की नियुक्ति संबंधित तेल चयन बोर्डों से प्राप्त सिफारिशों के आधार पर विपणन तेल कम्पनियों द्वारा की गई थी । उम्मीदवारों के चयन में उनकी आय, शैक्षिक योग्यता, आवास, श्रेणी, आयु आदि से संबंधित पात्रता-शर्तों को ध्यान में रखा गया था । कुछ आवंटन सरकार के विवेकानुसार भी किए गए ।

**उत्तर प्रदेश में पर्यटकों की संख्या में कमी**

1011 **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : क्या **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उत्तर प्रदेश में विदेशी पर्यटकों की संख्या में हाल ही में कमी आयी है ; और

(ख) यदि हा, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं ?

**नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री माधव राव सिंधिया)** :(क) और(ख) राज्य सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार, उत्तर प्रदेश की यात्रा करने आए विदेशी पर्यटकों की संख्या 1989 में 1,37,168 थी जो कम होकर 1990 में 1,24,651 रह गई । यह गिरावट मुख्य रूप से राज्य के कुछ भागों में कानून और व्यवस्था की समस्याओं तथा इन घटनाओं के विदेशों में प्रतिकूल प्रचार होने के कारण आई थी।

**Safety measures by private airline operators**

1012. SHRI DINESHBHAI TRIVEDI: Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state the manner in which the DGCA propose to monitor the safely